क्या आपके गली मोहल्ले में ऐसा कोई जरूरतमंद छात्र है जो स्कूल की फीस नहीं दे सकता, वह छात्र सांय 5 बजे से 6 बजे तक सिटी मीडिया अखबार बांटकर 3 से 4 हजार रुपये मासिक कमा कर अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकता है।
संपर्क करें-
94165-33033

खबरें छुपाता नहीं छापता है | अंबाला का नं. 1

# सिटी मीडिया

सांध्य दैनिक | छात्रों की सहायता ही सिटी मीडिया का उद्देश्य

क्या आप जानते है
अंबाला में 100 से अधिक छात्र सिटी मीडिया बांटकर अपनी पढ़ाई कर रहे है। मासिक 40 रुपये में से 20 रुपए इन्ही बच्चों को दिए जाते है। आप भी सिटी मीडिया अखबार लगवाकर अपना सहयोग दें।
94165-33033


AJAY CHAWLA
SATYAM PROPERTIES
ALL KIND OF PROPERTIES
FOR SALE & PURCHASE
NEAR MANAV CHOWK
AMBALA CITY 93310-44444
8/3-7/4

S|P SHIVAM PROPERTIES
SHIVAM PROPERTIES
ALL KIND OF PROPERTIES
FOR SALE & PURCHASE
AMBALA CITY
1/236 Opp. Sec- 9 Ambala City, AYUSH GROVER (GINNI) 92152 -33333
25/2-24/3

R.N.I.No.71215/98 ♦वर्ष : 28 अंक : 266 वीरवार, 2 अप्रैल 2026 ♦ मूल्य:1.50 रुपये (मासिक 40 रुपये) E-mail:citymedia1@gmail.com/ Website : www.citymediaambala.com / City Media Office Manav Chowk,Ambala /City 94165-33033

## अम्बाला में कष्ट निवारण समिति की बैठक, 13 में से 9 शिकायतों का मौके पर समाधान

**अंबाला (सिटी मीडिया)** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली और एंजैडे के तहत 13 शिकायतों को सुना, जिनमें से 9 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

**उन्होंने इस मौके पर पत्रकारो से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि हर महीने मासिक बैठक आयोजित की जाती है और बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहते है ताकि लोगों की जो भी शिकायतें हैं उनका प्राथमिकता से समाधान किया जा सके। जिले का कोई भी व्यक्ति है चाहे वह शहरी क्षेत्र का हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र का हो, यहां पर आकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं।** इस मौके पर पत्रकारों द्वारा चण्डीगढ़ मे हुए ब्लास्ट से सम्बधिंत पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी व विपक्ष द्वारा ऐसी बात कहना दुर्भाग्यपूर्ण है, जांच करवाई जा रही है, जिसकी भी इस घटना मे संलिप्ता पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**मासिक बैठक के दौरान एंजैडे में रखी शिकायत के तहत गांव बिहटा व तेपला से आए पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा इन्द्रजीत सिंह व हरभजन सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके खेतों के पास से बरसाती नदी निकलती है जोकि शामली अम्बाला हाईवे बनने से बंद हो गई है और अब इसका पानी हमारे खेतों में भर जाता है।** उन्होंने यह भी कहा कि एनएचएआई द्वारा यहां पर जो पुलिया बनाई गई है वह उचाई पर है, जिससे बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं। एनएचएआई से आए अधिकारी ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए यहां पर दो जगहों पर पाईप डाल दिए गए हैं।



**इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त विरेन्द्र लाठर, सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में एंजैडे में रखी 13 शिकायतों को सुनते हुए 9 का निवारण किया गया है और 4 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को मार्क करते हुए उसका निपटान करने के निर्देश दिए हैं।**

## कांवला में पीलिया के बढ़ते मामले, स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल


**अंबाला (सिटी मीडिया)** अंबाला शहर के निकटवर्ती कांवला में इन दिनों पीलिया के अनेक मामले सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। अंबाला शहर के मानव चौक स्थित डॉक्टर लखनपाल के क्लिनिक में भी पिछले 3-4 दिनों में पीलिया के लगभग एक दर्जन मामले सामने आ चुके हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि यहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें भेजी जाएं और नियमित जांच करवाई जाए। जिससे पीलिया को फैलने से रोका जा सकता है।

## सिटी मीडिया की खबर का असर,एसपी के आदेश पर 47 स्थानों पर चला विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान



**अंबाला (सिटी मीडिया)** गतदिवस सिटी मीडिया में प्रकाशित खबर का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। आज अंबाला पुलिस ने शहरभर में एक व्यापक और विशेष हेलमेट चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें पुलिस के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।यह अभियान आज दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक लगातार चलाया गया। इस दौरान अंबाला के लगभग 47 प्रमुख नाकों और महत्वपूर्ण स्थानों पर एक साथ चेकिंग की गई। अभियान की खास बात यह रही कि इसमें केवल चालान काटने पर ही जोर नहीं दिया गया, बल्कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया।

**अंबाला पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक नुकसान उन लोगों को होता है जो हेलमेट नहीं पहनते। इसी को ध्यान में रखते हुए इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के फायदे समझाए और भविष्य में नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।** अभियान के दौरान जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था, उनके चालान भी किए गए, वहीं कई जगहों पर चेतावनी देकर भी छोड़ा गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के संयुक्त प्रयासों से ही सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जा सकता है। सिटी मीडिया की खबर के बाद प्रशासन की यह सक्रियता निश्चित रूप से शहर में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। **गौरतलब है कि 31 मार्च को सिटी मीडिया में चालान से नहीं, जागरूकता से रुकेगी बिना हेलमेट की आदत खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद अंबाला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया और आज यह नाके लगाए गए। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य हरियाणा राकेश मक्कड़ ने बताया कि आज बेटी बचाओ चौक, अग्रसेन चौक, अनाज मंडी अंबाला शहर चौक, इन्को चौक, नारायणगढ़ मोड़, बलदेव नगर, एमटी क्रॉसिंग, तोपखाना चौक, कैपिटल चौक, एकता विहार चौक, मोहड़ी चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात थी।**


चालान से नहीं, जागरूकता से रुकेगी बिना हेलमेट की आदत

अंबाला (सिटी मीडिया) शहर में बढ़ते सड़क हादसों के बीच एक चिंताजनक तथ्य सामने आ रहा है कि अधिकतर दोपहिया वाहन चालकों की मौत का प्रमुख कारण हेलमेट न पहनना है। ट्रैफिक नियमों के बावजूद लोग लापरवाही बरतते हुए बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ता है। सड़क दुर्घटना में सिर पर लगने वाली चोट सबसे घातक होती है। हेलमेट न पहनने पर [illegible]

देखा गया है कि दुर्घटना के समय सिर सीधे सड़क या किसी कठोर वस्तु से टकराता है, जिससे ब्रेन इंजरी होने पर मौके पर ही मौत हो जाती है। दोपहिया वाहन चालको के लिए हेलमेट पहनना न केवल अनिवार्य है बल्कि यह उनकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। एक व्यक्ति की दुर्घटना मे मौत केवल उसकी जिंदगी ही खत्म नहीं करती, बल्कि पूरे परिवार को संकट में डाल देती है।

घर का कमाने वाला सदस्य खोने से आर्थिक [illegible]

ऐसे में हेलमेट न पहनना सिर्फ व्यक्तिगत लापरवाही नहीं, बल्कि परिवार के प्रति गैर-जिम्मेदारी भी है। सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने पर जुर्माना और दंड का प्रावधान किया गया है। कई जगहों पर लाइसेंस निलंबित करने तक की कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद लोग नियमों को हल्के में लेते हैं। पुलिस विभिन्न स्थानो पर नाके लगा बिना हेलमेट पहनने वालो के भारी भरकम चालान काट सरकारी खजाने में पैसे तो [illegible]

चाहिए कि चालान काट पैसे इक्ट्ठे न करते हुए लोगो को प्यार से समझाए और साथ ही यह भी कहें कि चंड़ीगढ़ की सीमा में प्रवेश करते हुए तो तुरंत सिर पर हेलमेट आ जाता है और सारे यातायात नियमो का पालन शुरू हो जाता है अंबाला में भी नियमो को पालन करना चाहिए। केवल चालान काटने से समस्या का समाधान नहीं होगा। लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से हेलमेट पहनने के [illegible]


हेल्मेट पहने युवक को पुलिस वाले फूल भेट करते हुए उनके साथ सड़क सुरक्षा समीति सदस्य राकेश मक्कड़

GREEN VATIKA
PLAY SCHOOL
A Unit of Navbharat Middle School (Nursery to 8th ) Permanent Recognized
ADMISSION OPEN 2026-27
PLAYGROUP-NURSERY TO CLASS 8TH
SAFE CAMPUS/ AC CLASSROOMS/ CCTV CAMERAS/ ACTIVITY- BASED LEARNING/ EXPERIENCED TEACHERS/ SPACIOUS PLAY AREA
A HAPPY. SAFE & PLAYFUL ENVIRONMENT FOR YOUR CHILD
Durga Nagar, Behind Punjab National Bank, Ambala City
DIRECTOR (94162-25129) ADMISSION INQUIRY (74047-99949, 74047-99947)
17/3-16/3

क्या आपके गली मोहल्ले में ऐसा कोई जरूरतमंद छात्र है जो स्कूल की फीस नहीं दे सकता, वह छात्र सांय 5 बजे से 6 बजे तक सिटी मीडिया अखबार बांटकर 3 से 4 हजार रुपये मासिक कमा कर अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकता है।
संपर्क करें-94165-33033

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु HPV टीकाकरण अभियान शुरू

**अम्बाला छावनी (सिटी मीडिया)** आज महिलाओं में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय के निचले भाग का कैंसर) को जड़ से खत्म करने के लिए अम्बाला स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी पजनी के आदेशानुसार और पीएमओ डॉ. पूजा पैंटल की देखरेख में जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम तेजी से चलाया जा रहा है।

अटल कैंसर केयर सेंटर की डॉ. मीनाक्षी भूषण राणा ने इस अभियान की सफलता हेतु किशोरियों और उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी 2026 को देशव्यापी HPV टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा चुका है। इस अभियान के तहत वे सभी किशोरियाँ पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और 15 वर्ष से कम हैं।

भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसका मुख्य कारण HPV संक्रमण है। मर्क एंड कंपनी द्वारा निर्मित 'गार्डासिल 4' टीका इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी और सुरक्षित उपाय है, जिसे भारत सरकार ने कड़े वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद मंजूरी दी है। निजी अस्पतालों में यह टीका काफी महंगा होता है, लेकिन सरकारी कार्यक्रम के तहत यह सभी पात्र किशोरियों को निःशुल्क लगाया जा रहा है।

## मालटा में लापता विश्व के परिजन मुख्यमंत्री से मिले

**अंबाला (सिटी मीडिया)** कुछ दिन पहले मालटा में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए विश्व को ढूंढने के लिए उसके परिजनों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। आज विश्व के पिता व अन्य ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे और कहा कि उनके बेटे का शीघ्र ही पता लगाया जाए, वह कहां है और किस हाल में है। **सुत्रो अनुसार बराड़ा निवासी धर्मबीर का बेटा विश्व 20 जनवरी 2026 को स्टडी वीजा पर माल्टा गया था, जहां वह हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म का कोर्स कर रहा था। परिवार के अनुसार 18 मार्च तक उससे लगातार संपर्क बना हुआ था, लेकिन इसके बाद अचानक उसका फोन बंद हो गया और तभी और रिश्तेदारों ने कई दिनों तक उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। हैरानी की बात यह है कि 20 मार्च को गुमशुदगी की शिकायत देने के बावजूद माल्टा पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और 7 दिन बाद 27 मार्च को केस दर्ज किया।** परिजनों का आरोप है कि अगर समय रहते कार्रवाई होती तो उनका बेटा अब तक मिल सकता था।



आज बेटे को शीघ्र ढूंढने को लेकर बच्चे के परिजनों मुख्यमंत्री नायब सैनी से गुहार लगाने पहुचें। इस दौरान उनके साथ ,राष्ट्रीय जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह,डिंपल गर्ग ,परम सिंह मौजूद थे। उन्होनें मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि भारतीय विदेश मंत्रालय बच्चे को ढूंढने में मदद करे।

### जन्मदिन मुबारक


रितेश, 74970-96807


Dr Neha's SELF LOVE
Skin Clinic & Laser Centre
SKIN • HAIR • LASER • ANTI-AGING
DR. NEHA SARASWAT
MBBS, MD (DERMATOLOGY, VENEREOLOGY AND LEPROSY)
CONSULTANT DERMATOLOGIST & AESTHETIC PHYSICIAN

30/3-29/
ACNE & ACNE SCAR TREATMENT
Pigmentation & Melasma Management
Eczema / Dermatitis
LASER TREATMENTS
Laser Hair Reduction (Face & Full Body)
Carbon Laser Facial (Hollywood Peel)
AESTHETIC & ANTI-AGING SERVICES
Medifacials / HydraFacial / Glow Facials
PRP/GFC for Hair & Skin
OPP. KHALSA HIGH SCHOOL COURT ROAD, A/CITY 82228-33356

VERMA DENTAL & IMPLANT CENTRE
Required staff
Dental Assistant-1
Receptionist-1
Timming:- 9:30am to 7:30pm
Salary- 9000 to 12000Rs
Near Jeet Dhaba, Katchari Chowk, Ambal City- 94679-55126, 98137-05970
30/3-29/4

## नन्ही परी योजना के तहत सिटी मीडिया पाठको के सहयोग से 4 लाख की 100 साईकिलें छात्राओं को भेंट करेगा

**अंबाला (सिटी मीडिया)** सिटी मीडिया के 29वें वर्ष पर 18 मई दिन सोमवार को नन्ही परी योजना शुरू करने जा रहा है जिसके तहत स्कूली छात्राएं जो 3-4 किलोमीटर तक पैदल चल के जाती है उनको सिटी मीडिया के पाठकों के सहयोग से 100 साईकिलें भेंट की जाएंगी। उसके बाद पाठकों के सहयोग से हर माह 7-10 साइकिलें दी जाएंगी ।

**सिटी मीडिया पिछले लगभग 18 वर्षो में पाठकों के सहयोग से 174 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवा चुका है और सबसे बड़ी बात कि कन्याओं का नाम गुप्त रखा जाता है। यहां ध्यान देने योग्य बात है कि पहले सरकार जरूरतमंद कन्याओं के विवाह हेतु केवल 11 हजार रूपए देती थी लेकिन अब यह राशि 71 हजार हो गई है।**

इसके अतिरिक्त पिछले लगभग 28 वर्षों में सैंकड़ों छात्र अखबार बांटकर अपनी पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं। मासिक 40रूपए में से 20रूपए इन्हीं छात्रों को दिए जाते हैं।

**इस साइकिल का वास्तविक मूल्य 5 हजार है परन्तु सीधे निमार्ता से उद्देश्य को देखते हुए लागत मूल्य 4000/- पर प्रति साईकिल मिल रही है। आप भी इसमें योग्दान पाकर पुण्य के भागीदार बने ।**

**संपर्क करें सिटी मीडिया नरेंद्र सिंह भाटिया 94165-33033**

SAI LAP PREPARATORY SCHOOL
Govt. Recognized
ADMISSION OPEN
APPLY Now: 2026-2027
Easy Study Method
Ac Class Rooms
Dance Class & Music Activity Room
Children Are Treated Like Mother
Transport, Watercooler With Aqua Guard
Field To Play Facility Available
Specious Class Room With Natural Light & Ventilation
All Above Things Are On Affordable Fee Structure
Mangla Colony, Parshuram Nagar, Jalbera Road A/City: 94660-34172
9/3-8/4

AC ही AC
1.5 Ton Split Inverter AC
19,990/-* Only
onward Under Exchange
Godrej LLOYD VOLTAS IFB Haier HITACHI DAIKIN
ARVIND ELECTRONICS
90503-00786
20/2-19/3

VISHVAS PUBLIC SCHOOL
(A unit of Vishvas Foundation)
Affiliated to CBSE (Affiliation No.:- 532093)
SPECIAL CONCESSION on First 30 Admissions & Single Girl Child
FREE ADMISSION
For Pre Nursery, Nursery & L.kg
Sector-10, Ambala City
Admissions Enquiry : 7206883300, 7206882200, Ph.: 0171-3500012
27/2-26/3

DR. NUPUR MITTAL
(MBBS, MRCGP, D GERIATRIC, D DIABETES, DRCOG, DFSRH, BMS)
DIABETES & ENDOCRINOLOGY CLINIC
डा. नूपुर पिछले 21 सालों से इग्लैंड में सेवांए दे रही थी अब अंबाला शहर में
LATEST TEREATMENT FOR ALL TYPES OF (शुगर) DIABETES AND ENDOCRINOLOGY PROBLEMS PCOS. ALL AGE GROUPS AS WELL
BADA THAKUR DWARA, NEAR JP HOSPITAL: 9996212127
23/2-22/3

अलंकार
गर्मी से पहले गर्मी की तैयारी
कम कीमतों पर कर लो AC की खरीददारी
Mitsubishi Heavy Duty | Lloyd | Voltas | Hitachi | IFB | Daikin | Godrej
0% Finance
आकर्षक Exchange Offer
Main Road, Prem Nagar, Ambala City 70561-11114
Opp. Jain Girls School,Rai Market, Ambala Cantt. Cont- 70272-11122
15/2-14/3

VISHWAS INTERNATIONAL STUDY ABROAD
VISHWAS International
"Creating Transparent Border"
FUNDS ASSISTANCE
GAP ACCEPTED
NO INTERVIEW
LOW IELTS/PTE ACCEPTABLE
Intake:- JAN. 2026 APPLY NOW
BRANCHES
DELHI | NAWANSHAHR | JALANDHAR | ISMAILABAD | UK | NARWANA | MATHERI | PEHOWA | BARARA | SHAHBAD
# 44/1, New Shopping Complex, Jagadhri Gate, Ambala City - 7710-380-380
24/2-23/3